अनुलग्नक – 5

# समान्यतः पूछे जा सकने वाले प्रश्न

## छठी आर्थिक गणना – 2012

समान्यतः पूछे जा सकने वाले प्रश्न एवं उनके संभावित उत्तर यहां संलग्न है। जिनके आधार पर प्रगणक क्षेत्रीय कार्य के दौरान उन्हें आने वाली समस्याओं का समाधान कर सकें।

| क्रमांक | समान्यतः पूछे जा सकने वाले प्रश्न | उत्तर | अनुसूची के सम्बद्ध कॉलम |
|---|---|---|---|
| 1 | बिना नाम के उद्यम के लिये अनुसूची 6A के कॉलम 3 में क्या लिखा जायेगा ? | इस प्रकरण में घर के मुखिया या उद्यम प्रमुख का नाम लिखा जायेगा जायेगा। | अनुसूची 6A का कॉलम 3 |
| 2 | एक रिक्षावाले के पास रिक्षा उसके स्वामित्व का नहीं है उसे किस प्रकार अंकित किया जायेगा? | रिक्शावाला मजदूरी पर कार्य कर रहा हो तो उसे नहीं लिया जायेगा परन्तु रिक्षा किराये पर लिया हो तो उसे मालिकाना उद्यम के रूप में लिया जायेगा | अनुसूची 6A का कॉलम 5 तथा 15 |
| 3 | किसी जनगणना मकान या भवन का उपयोग किसी रेस्टोरेन्ट कि किचन की तरह उपयोग हो रहा है तथा रेस्टोरेन्ट के कर्मचारी वहां खाद्य पदार्थ तैयार करते हैं जिनकी पूरी तरह बिक्री रेस्टोरेन्ट से ही होती है। मुख्य रेस्टोरेन्ट या तो उसी भवन है अथवा दूसरे भवन में है। इस किचन इकाई को उद्यम माना जाये अथवा नहीं? यदि दोनों इकाईयां एक ही भवन में स्थित हैं तो क्या एक ही इकाई की तरह दर्ज होंगे या पृथक–पृथक दर्ज होंगे? | (i) वह मकान जिसमें सिर्फ रेस्टोरेंट में बेचने की वस्तुऐं बनाई जाती है एक पृथक उद्यम हैं।<br>(ii) यदि रेस्टोरेंट तथा उत्पादन इकाई (किचन) एक ही घर में स्थित है, तो उन्हें एक उद्यम के रुप में सूचीबद्ध किया जायेगा। | |
| 4 | एक पात्र उद्यम द्वारा 6 माह पहले कार्य करना बन्द कर दिया गया हैं, क्या इसे सूचीबद्ध किया जाये? | जी नहीं, क्योंकि उद्यम वर्तमान में अस्तित्व में नहीं है। | |
| 5 | एक पति/पत्नि द्वारा बच्चों की ट्यूशन की जाती हैं। पति द्वारा सुबह 2 घन्टें तथा पत्नि द्वारा दोपहर 2 घन्टें। इस प्रकरण को कैसे सूचीबद्ध किया जायेगा? | दो पृथक–पृथक उद्यम माने जायेगा | |
| 6 | गर्मियों की छुट्टी में एक कोचिंग सेन्टर में पढ़ाई नहीं होती परन्तु अन्य खर्चे जैसे साफ–सफाई, बिजली का बिल, किराया आदि मालिक द्वारा किये जाते हैं, इस अवधि में बच्चों से कोई राशि प्राप्त नहीं होती है, क्या इसे उद्यम में लिया जायेगा? | जी हॉ इसे उद्यम मानकर सूचीबद्ध किया जायेगा | अनुसूची 6A का कॉलम 6 से 9 तक |
| 7 | कृषि से संबंधित कुछ गतिविधियाँ गणना की परिधि के बाहर हैं। क्या उद्यमी द्वारा संपादित कृषि गतिविधि को अनुसूची 6A का कॉलम 6 से 12 में भरा जाना है? | आर्थिक गणना की परिधि के बाहर की गतिविधियों को 6वीं आर्थिक गणना मे नहीं लिया जाना है। चूंकि यह परिवार आधारित सर्वेक्षण जिसमें गतिविधियों की जानकारी परिवार में जाने के बाद ही प्राप्त हो सकती है। ऐसी स्थिति में अनुसूची का कॉलम (1) स्वाभाविक रुप से भरा जायेगा तथा कॉलम (2) में ढांचे के उपयोग का संकेतांक आयेगा। यदि परिवार के सभी सदस्य फसल उत्पादन की गतिविधि में संलग्न है तो परिवार के मुखिया का नाम कालम (3) में आयेगा और कॉलम (4) से (11) रिक्त रखते हुए कालम (12) में वृहद गतिवधि संकेतांक 99 भरा जायेगा। इसी प्रकार सरकारी कार्यालय या सेना के कार्यालय जो कि गणना की परिधि के बाहर है के लिए भी कालम (2) में संकेतांक 9 अंकित करते हुए कालम (3) में कार्यालय का नाम तथा 4) से (11) रिक्त रखते हुए कालम (12) में वृहद गतिवधि संकेतांक 99 भरा जायेगा। | |
| 8 | एक रिक्शावाला निश्चित स्थान से कार्य प्रारंभ करता है परन्तु सवारियों को दिनभर विभिन्न स्थानों पर पहुॅचाता है। क्या फेरीवाले के समान वर्गीकृत किया जायेगा? | जी हॉ, उसे उसके निवास स्थान पर सूचीबद्ध किया जायेगा। | |

| क्रमांक | समान्यतः पूछे जा सकने वाले प्रश्न | उत्तर | अनुसूची के सम्बद्ध कॉलम |
|---|---|---|---|
| 9 | निश्चित परिसर का अर्थ निश्चित संरचना से हैं। निश्चित परिसरों में क्या अस्थायी संरचना भी आयेगी? | निश्चित परिसरों में अस्थायी संरचना को नहीं लिया जाना है। | |
| 10 | स्वयं के घर में पैदा गेहूं से स्वयं की चक्की में आटा बनाकर बेचना क्या निर्माण उद्यम हैं? | जी हां | |
| 11 | एक उद्यमी दो कार्यकलापों में संलग्न हैं इसमें प्रमुख कार्यकलाप किसे मानेगे? | उस गतिविधि को प्रमुख माना जायेगा जिसमें अधिकतम आय/व्यापार/रोजगार का निर्माण इसी क्रम में होता हो। उसी गतिविधि का विस्तृत विवरण अंकित होगा। | अनुसूची 6A का कॉलम 11 |
| 12 | स्वयं के मकान को किराये पर देना, क्या ''अन्य कार्यकलाप'' गतिविधि हैं? | यह ''जमीन तथा मकानों का क्रय विक्रय'' गतिविधि (वृहद गतिविधि संकेतांक 17) है। | अनुसूची 6A का कॉलम 12 |
| 13 | यदि पान की दुकान वाला रिचार्ज कार्ड तथा फोन कनेक्षन भी बेचता है तो उसे किस कार्यकलाप के अंतर्गत रखा जाये? | मोबाइल रिचार्ज कार्ड तथा कूपनो का विक्रय खुदरा व्यापार गतिविधि है परन्तु इस स्थिति में उद्यम का मुख्य कार्य पान बनाकर विक्रय करना है जो कि पुनः एक खुदरा व्यापार गतिविधि है अतः दोनों ही स्थितियों में वृहद गतिवधि संकेतांक 12 अंकित किया जायेगा। | अनुसूची 6A का कॉलम 12 |
| 14 | क्या जीवन बीमा निगम के एजेन्ट को उद्यम माना जायेगा? | जी हॉ। इसे वृहद गतिवधि 16 में रखा जायेगा। | अनुसूची 6A का कॉलम 12 |
| 15 | ऐसे दुकानदार जो अपना विक्रय बढाने के लिए (विषेषतः विष्वकप फुटबाल या क्रिकेट के सीजन में) उनके यहां से खरीदे उत्पादों पर अतिरिक्ति बीमा सुरक्षा प्रदान करते हैं या ऐसी कुरियर संस्था जो उनके यहां बुक किये गये सामान पर बीमा सुरक्षा प्रदान करें क्या इनको ''वित्त एवं बीमा संबंधी सेवाएं'' में लिया जायेगा? | नहीं यह उनकी चालू गतिविधि का भाग है। जो केवल तात्कालिक रुप से कुछ समय के लिए किया जा रहा है स्थायी रुप से नहीं। अतः इस स्थिति में यदि उद्यम एक दुकान है तो उसे व्यापार उद्यम मानकर संकेतांक 12 दिया जायेगा तथा यदि वह कुरियर सेवा संबंधी उद्यम है तो परिवहन गतिविध के अंतर्गत वृहद गतिविधि संकेतांक 13 दिया जायेगा। | अनुसूची 6A का कॉलम 12 |
| 16 | लस्सी बनाना व्यापार हैं। विनिर्माण है या रेस्टोरेंट गतिविधि हैं? | लस्सी बनाकर बेचना/रेस्टोरेंट/ खाद्य सेवा कार्यकलाप हैं। इसमें वृहद गतिविधि संकेतांक 14 दिया जायेगा। | अनुसूची 6A का कॉलम 12 |
| 17 | निर्माण क्षेत्र में एक बढ़ई उत्पादन (राष्ट्रीय. औधीगिक.वर्गीकरण.–3) तथा स्थापना ( राष्ट्रीय. औधीगिक.वर्गीकरण.–4) दोनों कार्यों में संलग्न हैं, तथा उसका अधिकांश कार्य निर्माण संस्थापन से संबंधित है उसे कहॉ वर्गीकृत किया जाएं? | यदि दोनों कार्यों के लेखा पृथक–पृथक है तो उन्हें उत्पादन एवं निर्माण दो पृथक–पृथक उद्यम माना जायेगा अन्यथा प्रमुख कार्यकलाप के आधार पर सूचीबद्ध किया जायेगा। | अनुसूची 6A का कॉलम 12 |
| 18 | एक उत्पादक उद्यम जो उत्पादन से विभिन्न कल पुर्जों का विक्रय भी करता हैं तथा अन्य व्यापारिक गतिविधियों में भी संलग्न हैं, कौन सी गतिविधि अंकित की जायेगा? | यदि लेखा पृथक–पृथक न हो तो अधिकतम विक्रय/लाभ वाली गतिविधि अंकित की जायेगा | अनुसूची 6A का कॉलम 12 |
| 19 | एक उद्यम द्वारा एक स्थान पर केवल मिठाई तथा नमकीन बनाया जाता है विक्रय नहीं तथा उत्पादित माल अपने विभिन्न बिक्री केन्द्रों पर (जो बाहर स्थित है) विक्रय हेतु भेजता है केवल विक्रय करने वाली दुकानों को विनिर्माण या व्यापार में कहां वर्गीकृत किया जाए तथा निर्माणी इकाई को क्या माना जाये? | कारखाने को उत्पादक गतिविधि की इकाई के रुप में सूचीबद्ध किया जाये तथा दुकाने जिनके द्वारा माल बेचा जा रहा हैं को व्यापार गतिविधि में सूचीबद्ध किया जायेगा | |
| 20 | उद्यम के प्रमुख क्रियाकलाप का विवरण भरते समय क्या विवरण राष्ट्रीय.औधीगिक.वर्गीकरण. 2008 के अनुसार होना चाहिए या उद्यम की गतिविधि के अनुसार? | मार्गदर्षिका के अनुसार उद्यम के कार्यकलाप को स्पष्ट रुप से (उद्यम की विशिष्टता के साथ) अंकित किया जाना है तथा यह कालम (12) में दिए जाने वाले संकेतांको की सूची से सम्बद्ध होगा। कालम 13 में संकेतांक जिला सांख्यिकी कार्यालय द्वारा भरे जाने है जोकि राष्ट्रीय.औधीगिक.वर्गीकरण.–2008 सूची के अनुसार कॉलम 11 में वर्णित जानकारी के आधार पर दिए जायेगा जायेगा। | अनुसूची 6A का कॉलम 11, 12,13 |
| 21 | ''स्वयं सहायता समूह'' के लिये उद्यम उद्यम के मुखिया का नाम क्या भरेंगे? | स्वयं सहायता समूह के प्रकरण में मुख्य निर्णय लेने वाला जैसे अध्यक्ष, सचिव आदि का नाम मुखिया के रुप में दर्ज होगा। | अनुसूची 6A का कॉलम 3 |

| क्रमांक | समान्यतः पूछे जा सकने वाले प्रश्न | उत्तर | अनुसूची के सम्बद्ध कॉलम |
|---|---|---|---|
| 22 | एक ऐसा उद्यम जिसमें पैतृक सम्पत्ति का बटंवारा हुआ हैं, मालिक का निर्धारण कैसे होगा? यह विगत 3 वर्षों में लगभग समान हैं (केवल पैतृक इकाई के मालिक का परिवर्तन हुआ हैं।) | वर्तमान मालिकाना दायित्व को दर्शाया जायेगा | अनुसूची 6A का कॉलम 15 |
| 23 | यदि एक उद्यम को संयुक्त रुप से एक से अधिक मालिकों द्वारा संपादित किया जा रहा हो तो किसके सामाजिक समूह को विचार में रखा जायेगा? | केवल मालिकाना उद्यम का सामाजिक समूह संकेतांक दिया जाना हैं। | अनुसूची 6A का कॉलम 17 |
| 24 | एक महिला उद्यम की मालकिन हैं तथा उसी ने पूंजी भी लगाई है, परन्तु वह व्यापारिक गतिविधियों में संलग्न नहीं है। व्यापारिक गतिविधियाँ तथा निर्णय उसके पति द्वारा संपादित किये जाते हैं। उद्यम के स्वामित्व का संकेतांक तथा लिंग क्या होगा? | यह महिला स्वामित्व का मालिकाना उद्यम हैं। | अनुसूची 6A का कॉलम 15 एवं 16 |
| 25 | बहुत से सामाजिक समूहों को राज्य शासन द्वारा अन्य पिछडा वर्ग (ओ.बी.सी.) में रखा हैं जबकि भारत सरकार द्वारा उन्हें सामान्य श्रेणी में रखा गया हैं। अनुसूची भरते समय संकेतांक किस प्रकार दिया जायेगा? | सूचनादाता द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर संकेतांक दिया जायेगा। | अनुसूची 6A का कॉलम 17 |
| 26 | कुछ उद्यम गत वर्ष में एक महिने में 5 दिन, दूसरे महिने में 6 दिन तथा तीसरे महिने 7 दिन कार्यरत था, उसे परिचालन के स्वरूप में क्या संकेतांक दिया जायेगा? | यदि उद्यम का क्रियाकलाप मौसमी नहीं है तो इसे आकस्मिक उद्यम माना जायेगा | अनुसूची 6A का कॉलम 19 |
| 27 | यदि एक उद्यम एक माह में एक या दो दिन ही चलता है तो उसे किस प्रकार का माना जायेगा? | इसे आकस्मिक उद्यम माना जायेगा | अनुसूची 6A का कॉलम 19 |
| 28 | क्या एक उद्यम द्वारा राष्ट्रीयकृत बैंक से लिये गये साधारण ऋण को सरकारी सहायता माना जायेगा? | जी नहीं, एक उद्यम द्वारा बैंक से लिया गया साधारण ऋण सरकारी सहायता नहीं हैं। | अनुसूची 6A का कॉलम 20 |
| 29 | एक औपचारिक कार्यरत व्यक्ति जिसे नियमित मजदूरी प्राप्त होती हैं, विगत 30 दिवस से अवकाश पर है, क्या उसे कार्यरत व्यक्ति माना जाये? | जी हॉ | अनुसूची 6A का कॉलम 21 से 25 |
| 30 | एक उद्यम में एक कार्यरत पुरुष ने प्रथम 15 दिवस तथा उसके आगे कार्यरत महिला ने 15 दिवस कार्य किया उन्हें कैसे अंकित करें? | सर्वेक्षण दिनांक के पूर्व अंतिम कार्य दिवस की स्थिति को अंकित किया जायेगा | अनुसूची 6A का कॉलम 21 से 25 |
| 31 | एक पारिवारिक उद्यम में घर की महिलाऐं कार्यरत हैं, क्या उन्हें अवैतनिक कार्यरत माना जायेगा? | जी हॉ | अनुसूची 6A का कॉलम 24 से 25 |
| 32 | महिला द्वारा संचालित सिलाई इकाई में धागा, बटन आदि क्रय का कार्य उसके पति द्वारा सप्ताह में एक बार किया जाता हैं क्या उसे अन्य कार्यरत व्यक्ति/सहायक माना जायेगा? | जी हॉ, उसके पति को अवैतनिक कार्यरत में गिना जायेगा। | अनुसूची 6A का कॉलम 21 से 25 |
| 33 | पिछले वर्ष प्रथम छः माह में एक उद्यम के पास कम से कम एक नियमित कार्यरत व्यक्ति था परन्तु बाद के छः माह तक नियमित कार्यरत व्यक्ति नहीं था, इसमें कार्यरत व्यक्तियों की संख्या कैसे दी जायेगी? | क्षेत्रीय कार्य के दिन के पूर्व अंतिम कार्य दिवस की स्थिति को अंकित किया जायेगा। | अनुसूची 6A का कॉलम 21 से 25 |
| 34 | उद्यम की हस्तशिल्प या हथकरघा गतिविधि में संलग्नता की पहचान कैसे हो? | यदि उद्यम द्वारा तैयार वस्तु एक कार्यकारी, कलाकृति या परंपरागत प्रकार का उत्पाद है जो अधिकतम हाथ से कारीगरी और प्रवीणता से और बहुत ही साधारण मशीनों से तैयार किया गया है तो वह हस्तशिल्प उत्पाद है। कृपया इस पुस्तिका के अंत में संलग्न उत्पादों की सूची का भी संदर्भ अवश्य लें। | अनुसूची 6A का कॉलम 12 एवं 14 |
| 35 | उद्यम का क्रियाकलाप प्रमुख रुप से हस्तशिल्प/हथकरघा है तो अनुसूची अनुसूची 6A के कॉलम 14 में क्या संकेतांक दिया जायेगा ? | संकेतांक 1 दिया जायेगा। | अनुसूची 6A का कॉलम 14 |

**अनुसूची 6C :**

| सरल क्रमांक | समान्यतः पूछे जा सकने वाले प्रश्न | उत्तर | अनुसूची के सम्बद्ध कॉलम |
|---|---|---|---|
| 1 | पैतृक धन्धें के लिये प्रचालन का वर्ष को कैसे अंकित करें? | केवल वर्तमान स्वामित्व या संपादनकर्ता के समय के अनुसार प्रविष्टि करें। | अनुसूची 6C का कॉलम 10 |
| 2 | एक व्यक्ति द्वारा वर्ष 2005 से कोचिंग सेन्टर चलाया गया, 2 वर्ष बाद उसे बन्द कर उसने नौकरी कर ली तथा वर्ष 2010 में पुनः कोचिंग सेन्टर प्रारंभ किया प्रारंभ वर्ष कौन सा होगा? | प्रारंभ वर्ष 2010 होगा। | अनुसूची 6C का कॉलम 10 |

| सरल क्रमांक | समान्यतः पूछे जा सकने वाले प्रष्न | उत्तर | अनुसूची के सम्बद्ध कॉलम |
|---|---|---|---|
| 3 | मिश्रित गतिविधि के प्रकरण में दोनों गतिविधियों का प्रारंभ वर्ष पृथक–पृथक हैं। कौन सा वर्ष प्रारंभ का वर्ष माना जायेगा? | दोनों में से प्रमुख गतिविधि का प्रारंभ वर्ष माना जायेगा। | अनुसूची 6C का कॉलम 10 |
| 4 | कुछ उद्यम वर्ष 2000 में प्रारंभ हुआ तथा वर्ष 2005 में दूसरे मालिक को बेच दिया गया जो अब उसे उसी स्थान पर चला रहा है। प्रारंभ वर्ष कौन सा माना जायेगा? | वर्ष 2005 को अंकित किया जायेगा। | अनुसूची 6C का कॉलम 10 |
| 5 | डायरेक्टरी अनुसूची के कॉलम 11 में संकेतांक 1 अथवा 2 भरने के लिये क्या यह आवश्यक होगा कि उद्यम के पास स्वयं के या किराये के कम्प्यूटर हो जो उद्यम स्थल पर ही स्थापित हों तथा उनमें इन्टरनेट सुविधा हो। प्रायः आजकल यह देखा जा रहा है बिना किसी कम्प्यूटर के उद्यम अपना इन्टरनेट संबंधी कार्य इन्टरनेट कैफे में कुछ भुगतान कर लेते हैं? | कालम 11 में 1 अथवा 2 भरने के लिए उद्यम के पास स्वयं का/किराये का कम्प्यूटर इन्टरनेट कनेक्षन के साथ उद्यम स्थल पर ही होना अनिवार्य हैं। अन्यथा संकेतांक 3 अंकित किया जायेगा। | अनुसूची 6C का कॉलम 11 |
| 6 | एक उद्यम द्वारा व्यापार के लिये ब्राउजिंग सेन्टर, सायबर कैफे का उपयोग करना क्या इन्टरनेट का उपयोग माना जाकर उसे संकेतांक 1 अथवा 2 दिया जायेगा? | जी नहीं। उद्यम द्वारा यद्यपि ब्राउजिंग सेन्टर, सायबर कैफे का उपयोग किया जा रहा है परन्तु यह सुविधा उसकी स्वयं की नहीं है तथा यह उद्यम परिसर में भी नहीं है इस कारण संकेतांक 1 अथवा 2 देना संभव नहीं होगा अतः संकेतांक 3 भरा जायेगा। | अनुसूची 6C का कॉलम 11 |
| 7 | एक दूकान जो कि दुकान/उद्यम अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत हैं, सर्वेक्षण दिनांक को पंजीकरण का नवीनीकरण नहीं हुआ हैं, क्या उसे पंजीकृत माना जायेगा या नहीं? | दूकान के पंजीयन नवीनीकरण के उपरान्त ही पंजीकृत माना जायेगा | अनुसूची 6C का कॉलम 14 |
| 8 | ऐसे उद्यम जो खाद्य पदार्थ एवं पेय पदार्थ विक्रय करते है, स्वास्थ्य विभाग से लाइसेंस लेते हैं। क्या इन्हें अधिकृत रुप से पंजीकृत माना जायेगा? | जी हॉ। सामान्यतः ऐसे उद्यम दूकान एवं स्थापना अधिनियम के अंतर्गत अथवा विक्रय के अंतर्गत भी होते है। अतः जिस–जिस अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत होते है उसके अनुसार संकेतांक दिया जायेगा। | अनुसूची 6C का कॉलम 14 एवं 15 |
| 9 | किसी राज्य में किसी एक अधिनियम के तहत पंजीकरण संबंधित विभाग द्वारा न किया जाकर किसी अन्य विभाग द्वारा किया जा रहा है क्या ऐसी स्थिति में उद्यम को पंजीकृत माना जायेगा? | जी हॉ। अनुसूची 6C में अधिनियम के तहत पंजीकरण चाहा गया है। इसमें किसी विभाग का उल्लेख नहीं है। यदि अनुसूची के 15.1 से 15.9 में से किसी एक अथवा अनेक में उद्यम पंजीकृत है तो संकेतांक 1 यदि नहीं है तो संकेतांक 0 अंकित किया जायेगा। | अनुसूची 6C का कॉलम 14 एवं 15 |
| 10 | कारखाना अधिनियम 1948 की धारा 85 के अंतर्गत पंजीकृत कारखाने को कारखाना अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत माना जाये? | जी हाँ। | अनुसूची 6C का कॉलम 14 एवं 15 (15.4) |
| 11 | क्या समिति अधिनियम के अंतर्गत पंजीकरण को सहकारी अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत माना जायेगा? | दोनों पृथक–पृथक हैं। | अनुसूची 6C का कॉलम 14 एवं 15 |
| 12 | ऐसे उद्यम जो किसी औद्योगिक नियम/ अधिनियम, अधिकृत कानून के अंतर्गत पंजीकृत नहीं हो तो उसे क्या अ–पंजीकृत माना जायेगा? | जी हॉ | अनुसूची 6C का कॉलम 14 |

# प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों के सामान्य प्रश्न

| क्रमांक | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| 1 | जानकारी एकत्रित करने हेतु आपको किसने अधिकृत किया हैं ? | यह भारत सरकार, सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वन मंत्रालय की योजना है। भारत सरकार के निर्देशानुसार राज्य सरकारों द्वारा क्षेत्रीय कार्य किया जा रहा है। हमारे राज्य द्वारा हमें जानकारी एकत्रित करने की जिम्मेदारी दी गई है। इस कार्य हेतु संबंधित जिले में जिला सांख्यिकी कार्यालय नोडल अभिकरण के रुप में कार्य कर रहे है। केन्द्रीय या राज्य सरकार द्वारा इस संबंध में एक ''अपील'' जारी की है जो सूचनादाता को दिखाई जा सकती है। इसके अतिरिक्त प्रगणक द्वारा अपनी पहचान संबंधी पहचान पत्र भी दिखाया जा सकता है। |
| 2 | इस जानकारी का क्या उपयोग हैं, तथा इसका और कैसे हमें लाभ होगा ? | यह केन्द्रीय/राज्य सरकार तथा स्थानीय शासन के लिए उपयोगी है इस जानकारी का पूरे देश या ग्राम/वार्ड/तहसील स्तर पर भी उपयोगी है। इस जानकारी से उद्योगो/उद्यमों/दुकानों/ कारखानों : कपडा/हस्तशिल्प आदि की संख्या प्राप्त होगी। इससे अपने क्षेत्र में कार्य कर रहे छोटे और सूक्ष्म इकाईयों की जानकारी से औद्योगिक विकास की योजना का उपयोग तथा जिन क्षेत्रों में औद्योगिक विकास में कमी है उसका भी विस्तार किया जा सकेगा। |
| 3 | क्या होगा अगर मैं इस कार्य का हिस्सा ना बनूॅ या जानकारी देने से मना करुं ? | केन्द्रीय और राज्य सकार दोनों द्वारा हमें जानकारी एकत्रित करने हेतु अधिकृत किया है। यह कार्य ''सांख्यिकी संग्रहण अधिनियम 2008' के तहत किया जा रहा है। जो संसद द्वारा पारित किया गया है। इस अधिनियम में अनुसार वांछित जानकारी नहीं देने की दशा में आपको नोटित जारी किया जा सकता है, अन्यथा अपेक्षित जुर्माना भी लगाया जा सकता है। |
| 4 | क्या आप केवल मुझसे या दूसरों से भी जानकारी एकत्रित कर रहे हैं ? | हमारे द्वारा सभी से घर–घर जाकर जानकारी एकत्रित की जा रही हैं। आपके द्वारा जो भी जानकारी प्राप्त की जा रही है उसे गुप्त रखा जायेगा। |

अनुलग्नक – 6

# अनुसूची 6A के कॉलम 12 में वृहद गतिविधि संकेतांक 06 के अंतर्गत हस्तकला गतिविधियों के अंतर्गत वर्गीकृत विनिर्माण गतिविधियों की सूची

| गतिविधियों की सूची |
|---|
| कपडों हेतु धागे की कताई एवं तैयारी |
| वस्त्रों की बुनाई |
| कपास और उससे मिश्रित वस्त्रों का उत्पादन, बुनाई |
| रेशम और उससे मिश्रित वस्त्रों का उत्पादन, बुनाई |
| ऊन और उससे मिश्रित वस्त्रों का उत्पादन, बुनाई |
| मानव निर्मित रेषे और उससे मिश्रित वस्त्रो का उत्पादन, बुनाई |
| जूट मेस्टा और अन्य प्राकृतिक रेशे तथा मिश्रित प्राकृतिक रेशो की बुनाई जो अन्यत्र वर्गीकृत नहीं हैं। |
| वस्त्रों का परिश्करण |
| वस्त्रों को बनाना, परिधानों को छोडकर |
| बुने हुए एवं क्रोशिया के वस्त्रों का उत्पादन |
| कालीन एवं आसनों का उत्पादन |
| रस्सी एवं डोरी का उत्पादन |
| अन्य वस्त्रों का उत्पादन जो अन्यत्र वर्गीकृत नहीं हैं |
| कढाई कार्य एवं लेस एवं किनारे को बनाना |
| ज़री कार्य एवं अन्य सजावटी आभूषण |
| पहनने वाले परिधानों का निर्माण, फर के परिधानों को छोडकर |
| सभी प्रकार के वस्त्रों, कपडे एवं कपडे के सामान का निर्माण, |
| टोपियां, दस्ताने, टाई, बेल्ट, हेयर नेट आदि का निर्माण |
| चमडे एवं चमडे के विकल्प से बने हुए पहनने वाले परिधानों को बनाना |
| परंपरागत सिलाई |
| बुनाई से कपडों को बनाना जो अन्यत्र कहीं वर्गीकृत नहीं है। |

| |
|---|
| फर से सामग्री का निर्माण |
| क्रोशिया एवं बुने हुए वस्त्रों का निर्माण |
| क्रोशिया एवं बुने हुए पहनने वाले वस्त्रों का निर्माण |
| क्रोशिया एवं बुने हुए अन्य पहनने वाले वस्त्रों का निर्माण |
| कढाई एवं चमडे की वस्तुओं पर कढाई |
| सूटकेस एवं हेण्डबैंग का निर्माण |
| यात्रा के उपयोग में आने वाले बेंग आदि का निर्माण |
| महिलाओं के हेण्डबेंग, पर्स, कलात्मक चमडे से बनी वस्तुऐं एवं नई वस्तुओं का निर्माण |
| काठी/जीन बनाने का सामान, साज सज्जा सामान का निर्माण |
| अन्य वस्तुऐं जो अन्यत्र कहीं वर्गीकृत नहीं हैं। |
| जूते का निर्माण |
| चमडे से बने जूते का निर्माण |
| रबर एवं प्लास्टिक को ढालकर जूते बनाना |
| अन्य जूतों का निर्माण जो अन्यत्र कहीं वर्गीकृत नहीं है। |
| लकड़ी के ढांचागत सामान का निर्माण |
| भवन निर्माण की बनी–बनाई लकडी की सामग्री का निर्माण |
| बढ़ाई एवं बढाई की मशीनरी का निर्माण जो अन्यत्र कहीं वर्गीकृत नहीं है। |
| बेंत, बांस और अन्य लकडी से बक्सों का निर्माण |
| बास या बेंस से टोकरिया तथा अनाज रखने के बक्से बनाना |
| लकडी से अन्य बक्सों का निर्माण  जो मुख्य रुप से केन, बांस, विलो, तन्तु, पत्तियां और घास से बनी तथा जो अन्यत्र कहीं वर्गीकृत नहीं है। |
| लकड़ी का कार्य और रस्सी का सामान |
| लकड़ी पर नक्काशी |
| लकड़ी पर जड़ाई का कार्य |
| लकडी को मोड़ना एवं लाख लगाने का कार्य |
| रस्सी से बनी सामग्री बनाना |
| बांस, केन और घास से बनी सामग्री का निर्माण |
| झाडू बनाना |
| ताड की पत्ती, धाक की पत्ती, चीड की पत्ती, खजूर की पत्तियों से वस्तुओं का निर्माण |
| गूदे या तन्तुओं से उत्पादों का निर्माण |
| अन्य लकडी की वस्तुओं का निर्माण जो अन्यत्र वर्गीकृत नहीं है। |
| लुगदी का निर्माण |
| नालीदार कागज, कागज के बोर्ड और बक्सों का निर्माण |
| कागज की लुगदी से सामग्री, अन्य वस्तुओं एवं अण्डे रखने की ट्रे का निर्माण |
| फाइल कवर/फाइल बोर्डों एवं संबंधित सामग्री का निर्माण |
| स्टेशनरी से संबंधित वस्तुओं का निर्माण |
| कागज की वस्तुओं का निर्माण जो अन्यत्र कहीं वर्गीकृत नहीं है। कागज से बनी हस्तकला से संबंधित सामग्री का निर्माण |
| मुद्रण और मुद्रण सेवा से संबंधित गतिविधियाँ |
| वस्त्रों, प्लास्टिक, धातु, लकडी एवं चीनी मिट्टी की वस्तुओं पर छपाई |
| स्क्रीन प्रिटिंग |
| मुद्रण से संबंधित गतिविधियाँ जो अन्यत्र कहीं वर्गीकृत नहीं हैं। |
| नक्काशी, उत्कीर्णन और ब्लॉक बनाना |
| रंगीई एवं छपाई की सामग्री का निर्माण |

| |
|---|
| रंगों का निर्माण |
| सिंथेटिक खुशबूदार वस्तुओं का निर्माण |
| साबुन का निर्माण |
| कांच और कांच की वस्तुओं का निर्माण |
| प्रयोगशाला अथवा दवा हेतु कांच के बर्तन का निर्माण |
| रसोइघर में उपयोग आने वाले कांच के बर्तन एवं टेबल का निर्माण |
| कांच की चुडियों का निर्माण |
| कांच के सजावट के टुकडों का निर्माण और दिखावटी (सजावटी) गहनों में इस्तेमाल हेतु कांच के पदार्थ का निर्माण |
| कांच के मोती का निर्माण जो अन्यत्र कहीं वर्गीकृत नहीं है। |
| सेनेटरी वस्तुओं का निर्माण |
| चीनी मिट्टी के बर्तन और सिरेमिक वस्तुओं का निर्माण |
| चीनी मिट्टी के बर्तन, मिट्टी के बर्तन, सामान्य मिट्टी से बने बर्तनों का निर्माण |
| चीनी मिट्टी के चमचों एवं अन्य घरेलू या शौचालय के उपयोग में आने वाली सामग्री का निर्माण |
| अन्य सजावटी सिरेमिक सामग्री का निर्माण |
| कंक्रीट, सीमेंट और प्लास्टर और महीन प्लास्टर से निर्मित सामग्री का निर्माण |
| पत्थर को काटना, आकार देना तथा परिश्करण करना |
| लौह धातुओं की ढलाई |
| अलौह धातुओं की ढलाई |
| कटलरी, हाथ के उपकरण और सामान्य हार्डवेयर का निर्माण |
| कटलरी, कांच तथा चम्मच का निर्माण |
| कृषि के उपयोग में आने वाले हाथ के उपकरणों आदि का निर्माण |
| हाथ से उपयोग आने वाले उपकरणों, स्क्रूड्रायवर आदि का निर्माण |
| ताले, चाबियों का निर्माण |
| सामान्य हार्डवेयर का निर्माण |
| हाथों एवं धातु कार्य सेवा गतिविधियों द्वारा धातु उत्पादों का निर्माण, जिसमें गढे धातु उत्पादों का निमार्ण, कास्टिंग, मोम की कास्टिंग, सोने का उत्कीर्णन, धातु शीट की ढलाई आदि |
| घरेलू धातु की वस्तुओं का निर्माण |
| घरेलू धातु की सेनेटरी वस्तुओं का निर्माण |
| हल, खाद फैलाने वाली वस्तुओं का निर्माण |
| बोट, हाउस बोट और तैरने वाली संरचनाऐं |
| जानवरों द्वारा खीचने वाले वाहनों का निर्माण |
| अन्य यातायात उपकरणों का निर्माण जो अन्यत्र वर्गीकृत नहीं है। जैसे हाथ से खीचनें वाली गाडी, हाथ गाडी आदि |
| फर्नीचर का निर्माण |
| लकडी के बने फर्नीचर का निर्माण |
| बैंत से बने फर्नीचर का निर्माण |
| धातु से बने फर्नीचर का निर्माण |
| प्लास्टिक से बने फर्नीचर का निर्माण |
| गद्दे एवं तकियों को बनाना |
| अन्य फर्नीचरों का निर्माण जो अन्यत्र कहीं वर्गीकृत नहीं है। |
| आभूषण एवं उससे संबंधित सामग्री का निर्माण |

| |
|---|
| सोने एवं चांदी के आभूषणों का निर्माण |
| हीरे से संबंधित कार्य |
| मोतियों का उत्पादन |
| अन्य बहूमूल्य और कीमती धातु और पत्थर की वस्तुओं का निर्माण |
| सजावटी आभूषण एवं उससे संबंधित सामग्री का निर्माण |
| शंख एवं सीप से बनी सामग्री का निर्माण |
| शंख का उत्पादन |
| अन्य सीप का उत्पादन |
| संगीत वाद्य यंत्रों का निर्माण |
| तारवाले वाद्य यंत्रों का निर्माण |
| वायु दबाव से बजने वाले वाद्य यंत्र, अकार्डियन, हारमोनियम तथा माउथ आर्गन इत्यादि का निर्माण |
| तल वाद्य यंत्र का निर्माण |
| संगीत वाद्य यंत्र का निर्माण : जिनमें ध्वनि इलेक्ट्रानिक तरीके से प्राप्त होती है। |
| अन्य संगीत वाद्य यंत्रों का निर्माण |
| खेल और खिलौनों का निर्माण |
| गुडियां और खिलौनों (जानवर से संबंधित) का निर्माण |
| पहिएदार खिलौनों का निर्माण |
| ताष के पत्तों का निर्माण |
| अन्य खेल और खिलौनों का निर्माण जो अन्यत्र कहीं वर्गीकृत नहीं है। |
| पारंपरिक चित्रकला |
| विविध हस्तकला सामग्री |
| लाख और मोम से बनी सामग्री का निर्माण |
| सींग और हड्डी से बनी सामग्री का निर्माण |
| नाटकों और त्यौहारों में उपयोग आने वाली सामग्री का निर्माण |
| रीसायकल से बनी सामग्री का निर्माण |
| अनेक मिश्रित वस्तुओं को जोड़कर बनी सामग्री  जैसे लेम्पषेड, बैंग, डिब्बे, विशिष्ट सामग्री और कपडे से बनी सामग्री, पेपर, चमडा, लकडी आदि |
| कलात्मक निर्माण |
| मकान और बाड़ आदि |
| अन्य सामुदायिक संरचनाऐं |
| पुल, चेकडेम आदि |
| अन्य निर्माण जो अन्यत्र कहीं वर्गीकृत नहीं है। |
| स्टेशनरी  सामग्री का निर्माण |
| छतरियां एवं लाठी का निर्माण |
| स्वयं के उपयोग में आने वाली सामग्रियों का निर्माण |
| अन्य सामग्रियों का निर्माण जो अन्यत्र कहीं वर्गीकृत नहीं है। |
| धातु से बनी वस्तुओं एवं उपकरणों की मरम्मत |
| अन्य उपकरणों की मरम्मत |
| भवनों का निर्माण एवं परिसज्जा |
| भवनों की आतंरिक एवं बाहरी पुताई कार्य, ग्लेजिंग, प्लास्टर एवं इमारतों की साज सज्जा |
| अन्य भवन निर्माण एवं परिसज्जा |